# 'भाजपा की सरकार बनते ही राजस्थान भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त होगा'

■ जनसंबोधन में कई बार नाथी का बाडा शब्द का जिक्र किया

**भुसावर/वैर** (निसं)। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गॉव जगजीवनपुर में आयोजित की गई विजय संकल्प सभा में भाजपा के स्टार प्रचारक एवं पूर्व केबिनेट मंन्त्री राज्यसभा सदस्य डॉ. किरोडीलाल मीणा ने भाग लिया और भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली के पक्ष में चुनावी सभा का सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही भरतपुर जिला ही नही पूरा राजस्थान भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त और रोजगार युक्त होगा।

उन्होने अपने संबोधन में कई बार ''नाथी का वाडा'' शब्द दोहराया और राजस्थान में भाजपा की 150 सीटे आने की बात कही। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने जा रहे विधानसभा आम चुनाव 2023 में विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनावी रण में उतारे गये प्रत्याशी पूरी दमखम लगाते हुए समर्थन मांग रहे हैं वहीं राजनैतिक दलों के बडे नेता भी क्षेत्र में चुनावी सभाएं कर रहे हैं। वैर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली के समर्थन में चुनावी सभा का आयोजन गॉव जगजीवनपुर में किया गया। जहां भाजपा के स्टार प्रचारक एवं सवाईमाधोपुर से भाजपा प्रत्याशी और राज्यसभा सदस्य डॉ0 किरोडी लाल मीणा मुख्य अतिथि रहे। जिनका कार्यक्रम प्रात: 11 बजे हैलीकॉप्टर से गॉव जगजीवनपुर आने का था लेकिन तकनीकि खराबी होने के चलते हैलीकॉप्टर से आना निरस्त हो गया और सडक मार्ग से वे कार्यक्रम स्थल पर करीब 5 घंटे देरी से 4 बजे पहुॅचे। जहां उनके आगमन पर प्रत्याशी बहादुर कोली एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज के सानिध्य में ग्रामीणों एवं उनके समर्थकों द्वारा गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत जेसीबी से पुष्पवर्षा करते हुए किया गया।

वही ग्रामीण महिलाओं ने उनके आगमन पर गीत भी गाये। डॉ0 किरोडीलाल मीणा को ऊॅटगाडी में बैठाकर मंच तक लाया गया। जहां मंच पर पहुॅचते ही लोगों द्वारा 51 किलों की फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया जहां उन्होने मंच से अपना संबोधन शुरूआत करने से पहले देरी से आने पर माफी मांगी और कहा कि हैलीकॉप्टर खराब हो जाने के कारण सडक मार्ग से आना पडा और देरी हो गयी। मैं यहां मेरे साथी बहादुर कोली के प्रचार में आया हूॅ और मुझे इस इलाके से पूरा भरोसा है क्यों कि इस इलाके ने मेरा हमेशा साथ दिया है। जब मैं मंत्री बना था तब यहा कुछ समय के लिए यहां आया तो यहां बिजलीघर और स्कूल क्रमोन्नत करवाया था। ये शिक्षित गॉव है।

गॉव जगजीवनपुर पहुॅचे डॉ0 किरोडीलाल मीणा ने उद्बोधन देते हुए जमकर कांग्रेस पर हमला बोला और नाथी का बाडा बोलते हुए कहा कि मैं यहां गॉव में भजनलाल जाटव ने कुछ भी नही करवाया। दो कमरे बोले वो भी नही बनवाये। लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उन्होने जय जबान और जय किसान का नारा दिया था। गहलोत साहब ने 2018 में भरोसा दिलवाया था कि किसानों का कर्जा माफ होगा लेकिन कोई कर्जा माफ नही हुआ। बल्कि 19 हजार किसानों को कुर्की के वारंट जारी हो गये। एक किसान ने आत्महत्या कर ली जिस पर मुख्यमंत्री के यहां धरना दिया तो सारा कर्जा स्थगित कर दिया।

वहीं उन्होने भाजपा की सरकार बनने पर पूरे पूर्वी राजस्थान में दिन में बिजली देने की भी घोषणा की जिससे किसानों को कोई परेशानी नही हो। वहीं उन्होने राजस्थान में हुए विभिन्न घोटालों के बारे में बताते हुए कहा कि ईडी में शिकायत की और प्राइवेट लॉकरों से करोडों रूपये निकल रहे हैं। राजस्थान में छोटी छोटी बच्चियों के साथ कुकर्म हो रहे हैं। यहां बहन बेटियां सुरक्षित नही हैं। वहीं उन्होने कहा कि कानून से बडा कोई नही है। यहां भी कोई गडबड करे तो मुझे बताना मैं उसका इलाज करूंगा। आपको डरने की जरूरत नही है और डरों तो उस बात से डरों की देश में कानून का राज है। आप कानून का उल्लंघन मत करो। राजस्थान में कांग्रेस ने किसान के बेटे सचिन पायलेट का अपमान किया, किसान के बेटे किरोडी लाल का अपमान किया और किसान के बेटे शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं का अपनमान किया है।

डॉ किरोडी ने कहा कि सवाईमाधोपुर में कह दिया है कि जैसे ही सरकार बने भ्रष्टाचारी अधिकारी सवाईमाधोपुर को छोडकर चले जाये जो ईमानदारी से काम करना है करो नही तो भ्रष्टाचार फैलाने पर मुंह का खाया हुआ नाक में होकर निकलवा दूंगा। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हैं। बहिन बेटियों की इज्जत सुरक्षित रहेगी। पुलिस की मनमानी नही चलेगी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ किरोडीलाल मीणा ने अपनी पगडी प्रत्याशी बहादुर के सिर पर रख दी और लाज रखने की बात कही।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

■ धौलपुर के निहालगंज व सदर क्षेत्र में नारायण ढाबा एवं निनोखर गांव की घटना

**धौलपुर** (निसं)। रविवार देर शाम धौलपुर शहर के निहालगंज एवं सदर थाना क्षेत्र में 2 अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 2 युवकों की मौत हो गई। पहली घटना धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में नारायण ढाबे के पास की है, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने घर से ट्रक पर ड्राइवरी करने के लिए बाइक से धौलपुर आ रहा था। जहां रास्ते में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे 44 पर हादसे का शिकार हो गया।

मनियां क्षेत्र के विपरपुर गांव का रहने वाला 30 वर्षीय युवक राजेंद्र पुत्र सालिगराम ट्रक पर ड्राइवरी का काम करता था। कुछ दिन पहले ट्रक को धौलपुर में खड़ा कर अपने गांव चला गया था। रविवार देर शाम को युवक घर से ट्रक पर जाने के लिए बाइक से निकला था। जहां रास्ते में नारायण ढाबे के पास हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सड़क पर युवक के घायल पड़े होने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल धौलपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। घटना को लेकर पुलिस ने मृतक की पहचान करने के बाद परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। घटना को लेकर परिजनों के द्वारा रिपोर्ट दिए जाने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

वहीं रविवार देर शाम की दूसरी घटना में टायर फटने से गाजर से भरा मिनी ट्रक पलट गया। जिसके नीचे दबने से एक राहगीर युवक की मौत हो गई। जिला अस्पताल धौलपुर के डॉक्टरों ने युवक का शव मोर्चरी में रखवा दिया। हादसा सदर थाना क्षेत्र में निनोखर गांव के पास हुआ है।

मृतक को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि 35 वर्षीय दीपाराम पुत्र मंगल सिंह निवासी निशोड़े का पुरा रविवार देर शाम करीब 8 बजे घर से सामान लेने के लिए पैदल पैदल पचगांव जा रहा था। रास्ते में जब वह निनोखर गांव के पास से गुजर रहा था, तभी टायर फटने की वजह से गाजर से भरा एक मिनी ट्रक पलट गया। उसी हादसे में दीपाराम मिनी ट्रक के नीचे दब गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे ट्रक के नीचे से बाहर निकाला और परिजनों को सूचना देते हुए जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।




